
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

21 दिसम्बर 2025


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

विचार शब्दों से अधिक शक्तिशाली होते हैं।

प्लेटो



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org


Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

21 दिसंबर

मधु प्रिया

# रेडियम की खोज 21 दिसंबर





विज्ञान जगत के लिए **21** दिसंबर का दिन बेहद अहम है। वर्ष **1898** में आज ही के दिन मैरी क्यूरी और उनके पति पियरे ने रेडियम की खोज की थी। खनिज का अध्ययन करते हुए जब उन्होंने उससे यूरेनियम अलग कर दिया तो पाया कि बाकी बचे हिस्से में अभी भी कोई रेडियोधर्मी तत्त्व बाकी था, उन्होंने इस तत्व को रेडियम नाम दिया रेडियम आवर्त सारणी के द्वितीय मुख्य समूह का अंतिम तत्व है। रेडियोऐक्टिव तत्वों में इसका मुख्य स्थान है। इसके अनेक रेडियोऐक्टिव समस्थानिक मिलते हैं, जिनमें **226** द्रव्यमान संख्या का समस्थानिक सबसे स्थिर है। रेडियम की खोज पियरे क्यूरी तथा श्रीमति क्यूरी ने **1898** ई. में की थी। यूरेनियम अयस्क, पिचब्लेंड, की रेडियोऐक्टिवता विशुद्ध यूरेनियम से अधिक होती है। **21** दिसंबर **1898** में मैडम क्यूरी ने अपने पति के साथ मिलकर रेडियम की खोज की थी। मैडम क्यूरी ने जब खनिज का अध्ययन करके उससे यूरेनियम अलग कर दिया तो पाया कि बाकी बचे हिस्से में अभी भी रेडियाधर्मी तत्व बांकी था। उसे उन्होंने रेडियम नाम दिया था। **4** फरवरी **1936** में पहली बार कृत्रिम रेडियम का निर्माण किया गया था।

Teachers of Bihar

The change makers

# जयंती विशेष 21 दिसम्बर



मशहूर रेडियो उद्घोषक, अपनी दिलकश आवाज़ और अंदाज़ से हर-दिल-अज़ीज़

## अमीन सयानी

### जयंती पर सादर नमन

अमीन सयानी ( जन्म - **21** दिसंबर **1932** मृत्यु - **20** फरवरी **2024**) भारत के एक मशहूर रेडियो संचालक या अनाउन्सर थें। इन्होंने सिर्फ़ भारत में ही नहीं बल्कि एशिया में भी ख्याती पाई। इनका मशहूर कार्यक्रम "बिनाका गीतमाला" रेडियो सिलोन से प्रसारित होता था। इनकी नकल कर आज भी कई रेडियो संचालक खुद को संवारने में कामयाब हुए हैं। इनके बात करने की शैली "बहनों और भाइयो" की काफ़ी सराही गई। इन्हों ने **54,000** रेडियो कार्यक्रम किये और **19,000** स्पाट्स या जिंगल्स किये। इनका रेडियो सफ़र **1951** में शुरू हुआ था।



राकेश कुमार

TOB

# खेल कॉर्नर

## टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम

### बैटर्स

सूर्यकुमार यादव(c)

अभिषेक शर्मा

तिलक वर्मा

रिंकू सिंह

### विकेटकीपर्स

संजू सैमसन

ईशान किशन

### ऑलराउंडर्स

हार्दिक पंड्या

शिवम दुबे

अक्षर पटेल (VC)

वॉशिंगटन सुंदर

### बॉलर्स

जसप्रीत बुमराह

कुलदीप यादव

वरुण चक्रवर्ती

हर्षित राणा

अर्शदीप सिंह

# अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी

## शैक्षणिक सत्र

## 2025 – 26





### थीम

| | |
|---|---|
| 31 मई | पढेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हम |
| 28 जून | उपस्थिति और सरकारी योजनाएं |
| 26 जुलाई | व्यावसायिक कौशल और स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण |
| 30 अगस्त | खेलो और सीखो |
| 27 सितंबर | निपुण बनेगा बिहार हमारा |
| 29 नवंबर | हर बच्चा होगा अब स्कूल का हिस्सा |
| 24 दिसम्बर | हरेक बच्चा श्रेष्ठ बच्चा |
| 31 जनवरी | हम और आप मिल कर करेंगे बच्चों का समग्र विकास |
| 28 फरवरी | परीक्षा की तैयारी हमारी जिम्मेदारी |

राकेश कुमार

21 दिसंबर

# साल का सबसे छोटा दिन

इस दिन उत्तरी गोलार्ध में सूर्य की किरणें सबसे कम कोण पर पड़ती है, जिससे दिन छोटा और रात सबसे लंबी होती है।

PUNITA KUMARI
NPS BALRA DUSAD TOLI
BARAULI, GOPALGANJ

शिक्षा विभाग

# आमंत्रण - पत्र

## अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी

प्रिय अभिभावकगण,

आपको सूचित किया जाता है कि राज्य के सभी प्रारम्भिक विद्यालयों में दिनांक **24/12/2025** को अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी **(PTM)** का आयोजन किया जा रहा है। इस मासिक संगोष्ठी का महत्वपूर्ण थीम - "हरेक बच्चा श्रेष्ठ बच्चा" के संदेश को प्रत्येक अभिभावक तक पहुँचाना है, ताकि सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय से जुड़े रहें और किसी भी बच्चे की शिक्षा बाधित न हो।

## मासिक संगोष्ठी थीम का उदेश्य

- प्रत्येक बच्चे की सीखने की गति, रुचि और आवश्यकता को समझते हुए अभिभावकों को यह संदेश देना कि हर बच्चा विशेष है और उसमें श्रेष्ठ बनने की क्षमता है।
- बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से जुडी क्षमताओं पर अभिभावकों के साथ सार्थक संवाद स्थापित करना।
- बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति पर अभिभावकों के साथ संवाद करना तथा एनीमिया की रोकथाम में विद्यालय एवं परिवार की संयुक्त भूमिका पर चर्चा करना।
- विद्यालय और परिवार के बीच निरंतर संवाद स्थापित कर घर पर सीखने के अनुकूल वातावरण को सशक्त बनाना।

**स्थान: आपके बच्चे का विद्यालय**



Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **21.12.2025**

## शिक्षण विश्लेषण

शिक्षण विश्लेषण **(Learning Analytics)** एक व्यवस्थित प्रक्रिया है जिसमें छात्रों और उनके सीखने के संदर्भ से संबंधित डेटा को मापा, एकत्र, विश्लेषण और रिपोर्ट किया जाता है, जिसका मुख्य लक्ष्य सीखने की प्रक्रिया को समझना, प्रभावी शिक्षण रणनीतियाँ विकसित करना और व्यक्तिगत शिक्षण अनुभवों को अनुकूलित करना है, ताकि शिक्षकों और छात्रों दोनों को बेहतर परिणाम मिल सकें, जैसे कि कठिनाइयों को पहचानना और संसाधनों का सुझाव देना।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान





**राष्ट्रपति भवन** में जहां कभी ब्रिटिश ADC अधिकारियों के तस्वीरें सजे रहते थे, अब **भारत** के सर्वोच्च सैन्य सम्मान **परमवीर चक्र विजेताओं** की गाथा दिखाई देगी। इन गलियारों को अब **'परमवीर दीर्घा'** के रूप में नया रूप दिया गया है, जो देश के **21 परमवीर चक्र सम्मानित योद्धाओं** को समर्पित है।


# पद्य पंकज

नर हो न उदास करो मन को
कुछ काम करो, कुछ काम करो
जग में रहकर निज काम करो
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो
समझो जिसमें यह व्यर्थ न हो
कुछ तो उपयुक्त करो तन को
नर हो न निराश करो मन को

मैथिली शरण गुप्त

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org



महान साहित्यकार, युग प्रवर्तक

# महावीर प्रसाद द्विवेदी

की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।

15 मई 1864 - 21 दिसंबर 1934

www.teachersofbihar.org

Madhu priya